RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार, 21 जनवरी 2023 | वर्ष 04 | अंक 238 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## महाराष्ट्र विधानमंडल में शिवसेना संस्थापक और हिंदुत्व आइकन बालासाहेब केशव ठाकरे की 97वीं जयंती पर उनकी तस्वीर का होगा अनावरण

**मुंबई** : दिवंगत शिवसेना संस्थापक और हिंदुत्व आइकन, बालासाहेब केशव ठाकरे के निधन के दस साल बाद, 23 जनवरी को उनकी 97वीं जयंती के अवसर पर महाराष्ट्र विधानमंडल के केंद्रीय हॉल में उनकी तस्वीर का अनावरण किया जाएगा। विडंबना यह है कि यह कार्यक्रम ऐसे दिन आ रहा है जब उनके बेटे और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का पार्टी अध्यक्ष के रूप में पांच साल का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या वह सोमवार को कार्यक्रम में भाग लेंगे, सेना (यूबीटी) ने भारत के चुनाव आयोग से पार्टी प्रमुख और अन्य आंतरिक चुनाव कराने की अनुमति मांगी है। हालांकि, ठाकरे की विरासत के लिए चल रही लड़ाई के बीच, महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने पूरे ठाकरे परिवार- उद्धव और उनके परिवार, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे,



एक अन्य पोते निहार बिन्दुमाधव ठाकरे आदि को आमंत्रित किया है। जून 2022 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले एक धड़े के पार्टी छोड़ने और बाद में मुख्यमंत्री के रूप में उनका अभिषेक किए जाने के बाद शिवसेना (यूबीटी) ने इसे 'राजनीति से प्रेरित' करार दिया है। उद्धव ठाकरे, उनके बेटे आदित्य ठाकरे, संजय राउत और किशोर तिवारी जैसे कई अन्य पार्टी नेताओं ने अतीत में कई मौकों पर शिंदे समूह पर 'पिता-चोरों का गिरोह' होने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के साथ तस्वीर का अनावरण करेंगे, जिसमें विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोरहे, विपक्ष के नेता (विधानसभा) अजीत पवार, विपक्ष के नेता (परिषद) अंबादास दानवे, राज्य के मंत्री, महाराष्ट्र के केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और एमएलसी के अलावा फिल्म, खेल और सांस्कृतिक हस्तियां और अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।

नार्वेकर ने पिछले हफ्ते कहा था कि यह गैर-राजनीतिक कार्यक्रम है जहां सभी बालासाहेब ठाकरे को श्रद्धांजलि देने, राज्य और राष्ट्र के लिए उनकी सेवाओं के लिए इकट्ठा होंगे। ठाकरे (23 जनवरी, 1926-नवंबर 17, 2012), एक कार्टूनिस्ट, पत्रकार, तेजतर्रार वक्ता, मिट्टी के पुत्रों और मराठियों के चैंपियन, एक जन-नेता, जिन्होंने कभी कोई राजनीतिक पद नहीं संभाला, उन्हें राज्य के सबसे अग्रणी और सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक माना जाता है, जिन्होंने राजनीतिक स्पेक्ट्रम में सम्मान की कमान संभाली। जून 2022 में उद्धव ठाकरे की महा विकास अघाड़ी सरकार को बालासाहेबंची शिवसेना-भारतीय जनता पार्टी (बीएसएस-बीजेपी) गठबंधन द्वारा गिराए जाने के बाद वरिष्ठ कलाकार चंद्रकला कदम द्वारा तस्वीर बनाई गई है

## मुंबई हवाई अड्डे पर दो करोड़ का सोना जब्त

### अजरबैजान नागरिक गिरफ्तार...





**मुंबई** : छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने तीन किलो सोना जब्त किया है। इसकी कीमत 1 करोड़ 50 लाख रुपए बताई जा रही है। सोने की तस्करी के मामले में 37 वर्षीय अजरबैजान के नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। एआईयू के अधिकारियों ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जांच के दौरान विदेशी नागरिक को संदिग्ध हालत में पकड़ा। उसकी तलाशी ली गयी, तो उसके पास से तीन किलो सोना बरामद हुआ। उसकी कीमत 1 करोड़ 50 लाख रुपए बताई जा रही है।

**अंडर गारमेंट्स में छिपाकर सोने की तस्करी**

अजरबैजानी पासपोर्ट पर माहिर अलीयेव दुबई से मुंबई आया था। वह बड़े चतुराई से इन सोने को अपने अंडरवियर और अपने हैंड ट्रॉली बैगेज के अंदर छुपाया था।

### मोटी रकम देने का वादा

**अलीयेव ने जांचकताओं को बताया कि उसे इस बात की जानकारी थी कि यात्रा के दौरान उसके पास सोना है। उसे भरा बैग दुबई में एक अज्ञात व्यक्ति ने सौंपा था, जिसने उसको इसके बदले मोटी रकम देने का वादा किया था। इससे पहले दुबई से आए दो यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 4.5 करोड़ रुपए के 8.2 किलो सोने के पेस्ट की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।**

## ठाणे स्टेशन परिसर होगा फेरीवाला मुक्त

### फेरीवाले बैठे तो नपेंगे अधिकारी और कर्मचारी...



**ठाणे** : ठाणे रेलवे स्टेशन परिसर को स्थाई रूप से फेरीवाला मुक्त के लिए कार्रवाई का आदेश ठाणे महानगरपालिका कमिश्नर ने दिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि फेरीवाले अवैध रूप से व्यवसाय करते नजर आए तो संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी। बांगर ने अधिकारियों के साथ स्टेशन परिसर का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ नगर अभियंता प्रशांत सोनग्रा, उपायुक्त शंकर पाटोले, उपनगर अभियंता विकास ढोले, कार्यकारी अभियंता प्रशांत पाठक थे। उस दौरान बांगर ने महानगरपालिका अधिकारियों को ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर स्टेशन के चारो तरफ 150 मीटर परिसर को स्थाई रूप से फेरीवाला मुक्त करने के लिए ठोस उपाय योजना करने का आदेश दिया। कमिश्नर ने नियमित कार्रवाई के लिए एक सहायक आयुक्त, एक वार्ड अधिकारी, महानगरपालिका कर्मचारी और वर्दीधारी पुलिस की तैनाती का आदेश दिया। उनकी जबाबदारी होगी की स्टेशन परिसर तथा फ्लाईओवर पर फेरीवाले और भिखारी नहीं होंगे। यदि कोई भिखारी या बेघर व्यक्ति स्टेशन परिसर में दिखाई देता है तो उन्हें बेघर व्यक्तियों के लिए बने शेल्टर शेड में पहुंचाएगा। गर्दुल्लों और असामाजिक तत्वों पर भी नजर रखा जाएगा और उन्हें स्टेशन परिसर में घूमने नहीं दिया जाएगा। कमिश्नर ने स्टेशन परिसर के करीब पार्किंग की योजनाबद्ध करने का निर्देश दिया है। उन्होंने गांव देवी मैदान में स्मार्ट सिटी के तहत निर्मित अंडरग्राउंड पार्किंग के जल्द शुरू होने की बात कही।

### दो शिप्ट में कर्मचारियों को तैनात करने का आदेश

**ठाणे महानगरपालिका कमिश्नर ने चेतावनी दी है कि फेरीवालों के खिलाफ यदि नियमित कार्रवाई नहीं हुई और शिकायत मिली तो दस्ते के अधिकारियों को जबाबदार ठहराया जाएगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ठाणे स्टेशन के बाहर सैटिस को जोड़ने वाले पैदल पुल और गोखले रोड से स्टेशन की ओर जाने वाले पैदल पुल की सफाई के लिए दो शिफ्ट में कर्मचारियों को नियुक्त करने का आदेश दिया गया है। कमिश्नर ने प्लेटफॉर्म से बाहर निकलने के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए दिशात्मक संकेत लगाने, पूल पर चढ़ने और उतरने वाली सीढ़ियों पर आकर्षक रंग करने का निर्देश उप नगर अभियंता को दिया हैं।**

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# दुराग्रही विदेशी मीडिया...

यह कोई नई बात नहीं कि विदेशी मीडिया का एक हिस्सा भारत के प्रति दुराग्रह से भरा हुआ है और वह रह-रहकर उसका परिचय भी देता रहता है। यह उसके दुराग्रह का ही परिणाम है कि उसने पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों की अनदेखी कर पश्चिमी देशों के लिए अलग मानदंड बना रखे हैं और शेष देशों के लिए अलग। वह विकासशील और निर्धन देशों को केवल अपने अलग चश्मे से ही नहीं देखता, बल्कि उनके नेताओं और वहां की जनता को भी अलग कसौटी पर कसता है। इसका ताजा प्रमाण है बीबीसी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर केंद्रित डाक्यूमेंट्री। उसकी विषयवस्तु इस कदर दुराग्रही और पक्षपाती है कि पहली नजर में ही पता चल जाता है कि उसका उद्देश्य नरेन्द्र मोदी के साथ भारतीय शासन प्रणाली और न्यायपालिका को मलिन करना एवं उसे नीचा दिखाना है। ऐसे एजेंडे के पीछे श्रेष्ठता बोध का अहंकार भी है। बीबीसी और अन्य पश्चिमी मीडिया माध्यम इस अहंकार का प्रदर्शन करते ही रहते हैं। हाल के समय उन्होंने कोरोना संकट और फिर यूक्रेन युद्ध के समय अपने इसी अहंकार का प्रदर्शन इतनी बेशर्मी से किया कि वे स्वयं ही बेनकाब हो गए।

इस पर आश्चर्य नहीं कि बीबीसी की डाक्यूमेंट्री पर न केवल ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने असहमति जताई, बल्कि वहां के एक सांसद ने भी इस मीडिया संस्थान को खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि उसने अपनी पक्षपातपूर्ण रिपोर्टिंग से लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित भारत के प्रधानमंत्री, भारतीय पुलिस और न्यायपालिका की भी बेइज्जती की है। यह अच्छा हुआ कि भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस डाक्यूमेंट्री को दुष्प्रचार का हिस्सा और औपनिवेशिक मानसिकता का पर्याय करार दिया।

बीबीसी ने जानबूझकर इसकी अनदेखी करना पसंद किया कि गुजरात दंगों की गहन जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी वाले एक विशेष जांच दल ने की थी। चूंकि बीबीसी को अपने एजेंडे के हिसाब से एक पक्षपाती विमर्श प्रस्तुत करना था, इसलिए उसने दुष्प्रचार का भी सहारा लेने में संकोच नहीं किया। जिस मानसिकता से बीबीसी ग्रस्त है, उससे ही पश्चिम के अन्य मीडिया माध्यम। चूंकि वे अपना दुराग्रह नहीं छोड़ पा रहे हैं, इसलिए उन्हें भारत और इस जैसे देशों में खोट ही खोट दिखता है। वे भारत में कोरोना के कारण लगाए गए लाकडाउन के तो दुष्परिणाम गिनाते हैं, लेकिन यूरोपीय देशों में उसके कारण लाखों लोगों की जिंदगियां बचते हुए देखते हैं। इसी तरह वे भारत में कोरोना के कारण मरे लोगों के शव दिखाते हैं और यूरोप-अमेरिका में कोरोना से मचे हाहाकार से मुंह मोड़ लेते हैं। समस्या केवल यह नहीं कि पश्चिमी मीडिया का एक हिस्सा ही दुराग्रही है। समस्या यह भी है कि उसके कथित शोध संस्थान भी इसी सोच से ग्रस्त हैं और इसी कारण वे ऐसे हास्यास्पद निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि भारत से ज्यादा खुशी पाकिस्तान में है।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# विदेश में भी बज रहा मोदी का डंका: शिंदे

## बीकेसी मैदान में सभा को किया संबोधित, पीएम का नाम दुनिया की जुबान पर

**मुंबई :** बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स के एमएमआरडीए मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा देश ही नहीं विदेश में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका बज रहा है। अभी हाल ही में दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में भाग लेकर लौटे मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि उनकी दावोस में कई देशों के प्रधानमंत्रियों, मंत्रियों और उद्योगपतियों से मुलाकात हुई। वे सभी मोदी साहेब के बारे में पूछ रहे थे। लक्समबर्ग, जर्मनी, सऊदी अरब के लोग मिले और हमसे पूछा कि तुम मोदी के साथ हो? तब मैंने कहा कि हम उन्हीं के साथ है। पीएम के आशीर्वाद से ही डावोस में 1 लाख 55 हजार करोड़ के एमओयू साइन हो पाए। शिंदे ने कहा कि वे जब भी पीएम मोदी को देखते हैं तो उनके अंदर पवित्र भाव पैदा होता है। उनके व्यक्तित्व में कुछ खास है, जो ऊर्जा देता है। शिंदे ने कहा कि हमारे पीएम का नाम पूरी दुनिया के प्रमुख लोगों की जुबान पर है, यह सुनकर बेहद खुशी महसूस हुई। यह बड़े गौरव की बात है। पीएम मोदी की वजह से पिछले 7-8 साल में इकोनॉमी में बढ़त हुई, इसी वजह से



भारत को जी-20 की अध्यक्षता करने का मौका मिला।

### हम टिप्पणी का जवाब काम से देंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रो 2-ए और मेट्रो 7 का भूमिपूजन देवेंद्र फडणवीस के मुख्यमंत्री काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। आज उन्हीं के हाथों से इसका लोकार्पण हो रहा है। महाराष्ट्र के लोगों की खुशनसीबी है कि जिनके हाथों से आगाज हुआ, उन्हीं से अंजाम हो रहा है। कई लोग चाहते थे कि यह कार्यक्रम मोदी जी के हाथों से न हो, लेकिन नियती के आगे किसी की नहीं चलती। शिंदे ने कहा कि पिछले ढाई साल में विकास कार्य अटक गए थे, लेकिन हमारी सरकार बनने के बाद रूके कामों को आगे बढ़ाया है। शिंदे ने कहा कि यह सरकार 6 महीने में इतना कर सकती है तो 2 साल में क्या करेगी, यह देखकर लोगों के नीचे की जमीन खिसक रही है। हम पर कितनी भी टिप्पणी हो,हम इसका जवाब काम से देंगे।

### हिस्सेदारी नहीं मिली, तो काम आगे नहीं बढ़ा

फडणवीस ने कहा कि यह बड़ी खुशी की बात है कि पीएम मोदी ने मेट्रो 2- ए और मेट्रो 7 का भूमिपूजन किया था। आज उन्हीं के द्वारा इनका उद्घाटन हो रहा है। महाराष्ट्र में यह नया कल्चर आया है। उन्होंने कहा कि जब मैं मुख्यमंत्री था, तब सीवेज शोधन की योजना बनी थी, लेकिन आघाड़ी सरकार के वक्त कोई काम नहीं हुआ। शिवसेना को निशाने पर लेते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उनका जम नहीं रहा था, उन्हें हिस्सेदारी नहीं मिली, इसलिए यह काम नहीं हो पाया।

## पिछली सरकार ने रोका स्वनिधि योजना को: फडणवीस

उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री ने इसी मैदान से वर्ष 2019 में लोगों से डबल इंजन सरकार लाने को कहा था, लेकिन कुछ लोगों की बेईमानी से ढाई साल तक राज्य में डबल इंजन सरकार नहीं बन पाई। बाल ठाकरे के अनुयायी एकनाथ शिंदे ने हिम्मत की और यहां जनता की सरकार बनी। फडणवीस ने कहा कि कोरोना के वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वनिधि कार्यक्रम घोषित किया था, लेकिन पिछली सरकार ने इस योजना को स्थगित कर दिया। हमने तय किया कि 1 लाख फेरीवालों को स्वनिधि योजना का लाभ देंगे। आज गर्व होता है कि यह आंकड़ा 1 लाख को पार करते हुए 1 लाख 15 हजार तक जा पहुंचा है।

# पनवेल-रोहा के बस में कंडक्टर ने महिला को दिखाया प्राइवेट पार्ट...

## दरिंदगी की सारी हदें की पार

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के पेण से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। चलती बस में कंडक्टर ने महिला से छेड़खानी की। यह घटना पनवेल-रोहा के बस में हुई है। रात के समय कंडक्टर ने एक महिला के साथ छेड़खानी की और उसके साथ अश्लील हरकतें की। इस घटना से सनसनी फैल गई है। आरोपी का नाम एस.बी शिंदे है, इस मामले में पेण थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आगे की जांच जारी है। फिलहाल इस घटना से सनसनी मच गई है।

**बस में छेड़खानी**

आपको बता दें कि घटना के बारे में अधिक जानकारी यह है कि पनवेल-रोहा बस में कंडक्टर ने महिला से छेड़खानी की। पीड़िता इस बस में पनवेल से पेण जा रही थी। वाहक ने रात के समय मौका पाकर महिला के शरीर को छूने का प्रयास किया। उसने संक्षेप में बताने की कोशिश की क्योंकि महिला ने वाहक को हटा दिया।

**आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज**

उसके बाद जब बस पेण के पास थी तो आरोपी ने एक बार फिर महिला की अपने गुप्तांग दिखाया और उसका यौन शोषण किया। इस मामले में आरोपी वाहक एस.बी. शिंदे के खिलाफ पेन थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया है कि घटना के संबंध में आगे की जांच जारी है। लेकिन इस घटना से एक बार फिर महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़ा हो गया है।



# मेडिकल में दाखिले के नाम पर ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार




**नवी मुंबई :** नवी मुंबई पुलिस ने मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के नाम पर छात्रों से 3.30 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नवी मुंबई के पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे ने बताया कि आरोपियों ने ठाणे जिले के नवी मुंबई के अलावा मुंबई, गुजरात और अन्य स्थानों के छात्रों के साथ भी धोखाधड़ी की थी। पिछले पांच-सात साल से सक्रिय गिरोह के सदस्य प्री-मेडिकल, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में कम अंक पाने वाले छात्रों से संपर्क करते थे और मोटी रकम के एवज में उन्हें मेडिकल कॉलेजों में दाखिले की पेशकश करते थे।

आरोपी मुंबई और नवी मुंबई के सात प्रमुख मेडिकल कॉलेज के प्रबंधन में अपना प्रभाव होने का दावा कर पीड़ित छात्रों का विश्वास हासिल करते थे और उन्हें जाली प्रवेश पत्र उपलब्ध करवाकर उससे नकद या डिजिटल माध्यम से पैसे लेते थे।

**प्रभाव दिखाने के लिए कॉलेजों के दफ्तर ले जाते थे आरोपी**

अधिकारी ने बताया कि आरोपी उन वेबसाइटों से छात्रों का विवरण प्राप्त करते थे, जहां उन्होंने प्रवेश के लिए आवेदन किया था। अधिकारी के मुताबिक, आरोपी अपना प्रभाव दिखाने के लिए छात्रों को मेडिकल कॉलेजों और चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशालय (डीएमईआर) के कार्यालय ले जाते थे और फिर उन्हें फर्जी प्रवेश पत्र देते थे।



# सुप्रिया सुले ने पीएम मोदी पर कसा तंज, कही ये बड़ी बात



**मुंबई :** पीएम नरेंद्र मोदी की मुंबई यात्रा पर विपक्षी नेताओं ने तंज कसा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि उन्हें इस बात की चिंता हो रही है कि सरपंच के चुनाव से लेकर देश में कोई भी चुनाव लड़ना है तो पीएम मोदी पार्टी के लिए जी जान से मेहनत करते हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी के पास हर चुनाव में नरेंद्र मोदी के अलावा कोई विकल्प नहीं है। वे पुणे में पत्रकारों से बात कर रही थीं। एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि एक समय बीजेपी के पास अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, अरुण जेटली, यशवंत सिन्हा, सुषमा स्वराज जैसे बड़े नेता थे, लेकिन जा इस बात का दुःख है कि पार्टी के पास पीएम मोदी को छोड़ कर कोई बड़ा नेता नहीं है।

उधर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि बीएमसी में 25 साल तक शिवसेना के साथ बीजेपी सत्ता में थी। ऐसे में पीएम नरेन्द्र मोदी ने शिवसेना की आलोचना कर खुद की पार्टी को कटघरे में खड़ा किया है। मोदी ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार की वजह से मुंबई का विकास नहीं हो रहा था, लेकिन क्या उन्हें नहीं पता कि बीएमसी के महाराष्ट्र सरकार में भी भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना के साथ सत्ता में थी। अगर शिवसेना ने करप्शन किया है तो बीजेपी इससे कैसे बच सकती है। पटोले ने कहा कि पीएम मोदी से उम्मीद थी कि वे देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर भी कुछ बोलेंगे। लेकिन उन्होंने इन मुद्दों पर चुप्पी साध ली। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य और केंद्र की बीजेपी सरकार सभी मोर्चे पर फेल साबित हो रही है।

# राजस्थान में भी करेंगे हनुमान चालीसा का पाठ...

## महाराष्ट्र से सांसद नवनीत राणा जोधपुर पहुंची, हिंदुत्व को लेकर दिया बयान



**जोधपुर :** महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के घर के बाहर हनुमान चालीसा पढ़ने को लेकर हुए विवाद से देश भर में चर्चा में आई महाराष्ट्र के अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा विदेश मंत्रालय के एक कमेटी की बैठक में हिस्सा लेने जोधपुर आई। इस दौरान एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा में कहा राजस्थान में भी हनुमान चालीसा का पठन होना चाहिए क्योंकि उसकी यहां बहुत जरूरत है। जल्द ही वह समय भी आएगा। मोदी जी जिस तरीके से काम कर रहे हैं मुझे लगता है उस विचारधारा वाली सरकार यहां भी आना बहुत जरूरी है। बीजेपी में शामिल होने को लेकर पूछे सवाल पर कहा हिंदू और हिंदुत्व की बात कोई करता है, हर कोई पार्टी से जुड़ा हुआ है या जुड़ना चाहता है उसके कारण नहीं है। हिंदुस्तान में रहते हैं तो हिंदू की बात करेंगे हम। इसलिए हिंदुओं के हित और हिंदुओं के लिए काम करने वाली भाजपा सरकार है। महिला पहलवानों के दिल्ली में चल रहे प्रदर्शन को लेकर कहा कोई भी व्यक्ति जिसने किसी भी महिला के साथ दुर्व्यवहार किया है तो फिर चाहे वह व्यक्ति कोई भी हो, किसी भी पोस्ट पर हो, यदि वो दोषी है उस पर कमेटी होनी चाहिए। उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उसे सजा मिलनी चाहिए।

राणा ने राजस्थान की तारीफ करते हुए कहा राजस्थान आना नसीब की बात है। यहां बार बार आऊंगी। क्योंकि यहां राजस्थान के लोगों के हित में काम करने वाली सरकार जल्द आने वाली है। भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कहा जब कोई चीज टूटी ही नहीं तो उसे जोड़ने कहां निकले। जो भारत जोड़ने निकले उनसे पूछे देश का अंग टूटा भारत कभी टूटा ही नहीं था, तो उसे जोड़ने कहा निकले। कश्मीर से धारा 370 हटाकर भारत के इस टूटे हुए अंग को जोड़ने का काम भाजपा सरकार ने किया है। अपने परिवार के बारे में बात करते हुए कहा सेना में काम करने वाले परिवार में जन्म लेना गर्व की बात है। देश के प्रति सेवा की भावना लेकर ही मैंने शुरूआत की है। मेरा जीवन इसी काम के लिए है और मैं आखिरी सांस तक यही काम करूंगी। शाहरुख खान की फिल्म पठान को लेकर चल रहे विवाद पर कहा फाइनेंशियल ये बहुत स्ट्रॉन्ग इंडस्ट्री है। हमारे देश को बहुत बड़ा सपोर्ट बॉलीवुड से मिलता है। इससे कई लोगों को रोजगार मिला है।

# महाराष्ट्र में करोड़ों का क्रिप्टोकरेंसी घोटाला

## एक दिन में 101 शिकायतें मिलीं



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के जालना जिले में करोड़ों का क्रिप्टोकरेंसी घोटाला सामने आया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि पुलिस को एक दिन में 101 शिकायतें मिलीं हैं जिनमें क्रिप्टोकरेंसी घोटाले में करीब 300 करोड़ रुपये डूबने का दावा किया गया है। पुलिस को संदेह है कि यह घोटाला और भी बड़ा हो सकता है।

जालना पुलिस ने बताया कि मंगलवार को किरण खरात और उसकी पत्नी दीप्ति खरात के खिलाफ उसे शिकायत मिली। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि दंपति ने ऊंचे रिटर्न का वादा कर उससे जीडीसी क्रिप्टो में निवेश कराया, लेकिन उसके पैसे डूब गए। पुलिस ने इसके बाद एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर अन्य ऐसे लोगों से भी शिकायत दर्ज कराने को कहा जिनका पैसा खरात दंपति की ओर से प्रचारित योजना में डूबा है। पुलिस उपाधीक्षक भगवान फंडे ने बताया कि एक ही दिन में जिलेभर से 101 लोगों ने पुलिस से संपर्क कर अपना पैसा डूबने की शिकायत की है।

**10 हजार निवेशकों के 700 करोड़ डूबने की आशंका**

पुलिस सूत्रों ने बताया कि विभाग को संदेह है कि करीब 10 हजार निवेशकों के साथ यह क्रिप्टोकरेंसी घोटाला करीब 700 करोड़ का हो सकता है। फंडे ने कहा कि यह मामला आर्थिक अपराध शाखा को स्थानांतरित कर दिया गया है जो खरात दंपति के खातों को फ्रीज करेगी। यह दंपति महाराष्ट्र में राजनीतिक रसूख रखनेवाले एक परिवार से जुड़ा है।

**पूर्व अंडर-19 क्रिकेट कप्तान विजय जोल के खिलाफ केस दर्ज**

भारतीय अंडर-19 टीम के पूर्व कप्तान क्रिकेटर विजय जोल और 20 अन्य के खिलाफ किरण खरात को चार दिन तक बंधक रखने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। इसके साथ ही मामले ने राजनीतिक मोड़ ले लिया। जोल पूर्व मंत्री और शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता अर्जुन खोतकर के दामाद हैं। बताया जा रहा कि विजय जोल ने जीडीसी क्रिप्टो में 10 करोड़ का निवेश किया है।

पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में किरण खरात ने कहा कि उसे जोल के नाम पर अपने कुछ भूखंडों को स्थानांतरित करने वाले दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया। कांग्रेस विधायक कैलाश गोरंट्याल ने खोतकर और उनके लोगों पर खरात को बंधक बनाकर कानून हाथ में लेने का आरोप लगाया है। दूसरी तरफ, खोतकर ने कहा कि गोरंट्याल खरात का बचाव रहे हैं।

# वर्षभर में विदर्भ में 1,449 किसान आत्महत्या, बिगड़ती जा रही स्थिति...

**नागपुर :** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पदभार ग्रहण करने के बाद 'आत्महत्या-मुक्त महाराष्ट्र' की घोषणा की थी लेकिन 6 महीने बीतने के बाद भी किसानों की आत्महत्या का सिलसिला थमा नहीं है। पिछले वर्ष विदर्भ में 1,449 किसानों ने आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सबसे अधिक 1,110 आत्महत्या अमरावती



संभाग में हुईं हैं। इनमें से 683 आत्महत्या अनुदान-पात्र मानी गईं, जबकि 480 आत्महत्या अपात्र करार दी गईं। वहीं 286 मामलों की जांच अब तक प्रलंबित है। सरकार द्वारा किसानों के लिए विविध तरह के पैकेज, योजनाओं की घोषणा की जा रही है। इसके बावजूद किसानों की हालत में सुधार नहीं हो सका है। कर्ज से परेशान होकर हर आये दिन कोई न कोई किसान आत्महत्या कर रहा है।

दरअसल अतिवृष्टि, दुष्काल, खाद-कीटनाशक के लिए लगने वाला खर्च, माल को योग्य भाव नहीं मिलने, बच्चों की पढ़ाई की वजह से किसान कर्जबाजारी होते जा रहे हैं और फिर इसी निराशा में आत्महत्या कर रहे हैं। इस बार बेमौसम बारिश और तेज बारिश के कारण किसानों की फसलें तबाह हो गईं। आत्महत्या करने वाले किसानों परिवार को सरकार द्वारा 1 लाख रुपये की मदद की जाती है। यह निधि 14 वर्ष पहले तय की गई थी। इसमें अब तक कोई भी बढ़ोतरी नहीं हुई है। 25 जून 2015 को सरकार ने किसानों को आत्महत्या से दूर रखने के प्रयास के तहत आत्महत्याग्रस्त जिलों में जिला स्तरीय समिति गठित की थी।

### मनसे कार्यकर्ताओं का मनपा मुख्यालय पर धरना

**वसई :** सहायक आयुक्त गिल्सन घोंसालविस को निलंबित करने की मांग को लेकर गुरुवार को मनसे कार्यकर्ताओं ने महानगरपालिका मुख्यालय पर धरना दिया। वसई के एच वार्ड में मनसे कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर पार्टी के झंडे लगाए गए थे। सहायक आयुक्त गिल्सन घोंसालबिस, चूंकि ये झंडे बिना अनुमति के लगाए गए थे, उनके सुझाव के अनुसार कर्मचारियों ने हटा दिया। इसको लेकर मनसे कार्यकताओं और वीवीसीएमसी कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। इसके बाद नगर पालिका के कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर मनसे का विरोध किया था।

### दो अपराधी गिरफ्तार


**उल्हासनगर :** जोन-4 पुलिस स्टेशन अंतर्गत बड़े पैमाने पर मोबाइल चोरी, चेन छिनैती, सेंधमारी, मोटरसाइकिल चोरी सहित अन्य आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो रही रही थी। ऐसे ही दो मामले का मध्यवर्ती पुलिस व महात्मा फुले पुलिस ने पदार्फाश कर दो कुख्यात आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिस पर ठाणे पुलिस आयुक्त की हद में मोक्का सहित सैकड़ों आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिसमे एक ईरानी पड़ा में रहने वाला अब्दुल्ला संजय ईरानी उर्फ सय्यद (22) जिस पर अपने उम्र से भी चार गुना ज्यादा 89 मामले जोन-3 व जोन-4 की हद में दर्ज है। इसकी जानकारी पुलिस उपायुक्त डॉ. सुधाकर पठारे व सेन्ट्रल पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मधुकर कड ने दी है।

### 12वीं मंजिल से गिरकर कर्मचारी की मौत

**मुंबई :** चेंबूर इलाके में इमारत की 12वीं Fister से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई इस संबंध में चेंबूर पुलिस नेशव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। चेंबूर के सिंधी सोसाइटी इलाके में हरिकुंज बिल्डिंग में पिछले कुछ महीनों से मरम्मत का काम चल रहा था। बुधवार सुबह रोजाना की तरह कर्मचारी बिल्डिंग में काम कर रहे थे। उसी दौरान अचानक एक कर्मचारी हुसैन शेख (25) 12वीं मंजिल से नीचे गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### मेडिकल छात्रा का सोशल मीडिया अकाउंट हैक

**मुंबई :** पुणे जिले के दौंड इलाके से सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग की घटना सामने आई है। जहां मुंबई पुलिस ने एक 22 साल के एमबीए छात्र को गिरफ्तार किया है। आरोपी छात्र ने मेडिकल की एक छात्रा का सोशल मीडिया अकाउंट हैक कर लिया था। उसने पीड़िता के ब्वायफ्रेंड के साथ खींची की गई तस्वीरें उसके परिवार के सदस्यों को भेज दी थी।



# छात्रा की हत्या कर लाश को समुद्र में फेंका

## 13 महीने बाद ऐसे हुआ खुलासा, आरोपी लाइफगार्ड गिरफ्तार



**मुंबईः** मुंबई क्राइम ब्रांच को लापता छात्रा के केस में बड़ी सफलता हाथ लगी है. क्राइम ब्रांच ने मुंबई के बैंडस्टैंड इलाके से गायब हुई टइइर छात्रा केस की गुत्थी 13 महीने बाद सुलझा ली है. पुलिस ने छात्रा की हत्या को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार कर लिया. इन आरोपियों में समुद्री किनारे पर लोगों की जान बचाने वाला लाइफगार्ड भी शामिल है. आरोपी लाइफगार्ड ने पूछताछ में खुलासा किया है कि उसने एमबीबीएस छात्रा सदिच्छा साने की हत्या कर उसकी बॉडी को समुद्र में फेंक दिया था. मुंबई क्राइम ब्रांच के मुताबिक आरोपी ने अपना कबूलनामा दिया है कि उसने हत्या की है. पिछले एक साल से भी ज्यादा समय से मुंबई क्राइम ब्रांच सदिच्छा साने के लापता होने की जांच कर रही थी. जिसके बाद अब जाकर पुलिस को सफलता हाथ लगी है. क्राइम ब्रांच ने कबूलनामे के बाद आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया है. पहले पुलिस ने किडनैपिंग का मामला दर्ज किया था.

**हत्या के कारण का पता लगा रही पुलिस**

गौरतलब है कि मुंबई के एक कॉलेज से नवंबर 2021 को लापता टइइर छात्रा के अपहरण मामले में 32 वर्षीय लाइफगार्ड (समुद्र तट पर तैनात सुरक्षाकर्मी) को गिरफ्तार किया गया था. पुलिस ने बताया था कि सर जेजे हॉस्पिटल एंड ग्रांट मेडिकल कॉलेज की तृतीय वर्ष की छात्रा सदिच्छा साने (22) को आखिरी बार आरोपी के साथ देखा गया थ. जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था. आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई. पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है. पुलिस अभी भी पूछताछ कर रही है. आरोपी ने छात्रा की हत्या क्यों की, उसकी भी पुलिस जांच कर रही है. साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि क्या आरोपी ने छात्रा के साथ कोई गलत हरकत की है. पूरे मामले को लेकर फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है.

# 400 किमी सड़क को सीमेंट कंक्रीट करने का मनपा ने दिया वर्क ऑर्डर

## उद्धव सेना करती रह गई विरोध

**मुंबई :** मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने मुंबई की 400 किमी सड़क को सीमेंट कंक्रीट करने का वर्क ऑर्डर दे दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन्ही सड़क के सीमेंट कंक्रीट करने का भूमिपूजन किया। मनपा ने मुंबई की सड़को को सीमेंट कंक्रीट करने का 6 हजार करोड़ का ठेका दिया था। शिवसेना के पूर्व कैबिनेट मंत्री आदित्य ठाकरे मनपा के सड़क के कामों का विरोध कर रहे थे और भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहा थे। लेकिन मनपा आयुक्त चहल ने आदित्य ठाकरे के आरोपों का जवाब देते हुए भूमिपूजन के एक दिन पूर्व सभी कामों का वर्क ऑर्डर दे दिया गया ।उल्लेखनीय है कि मुंबई की सड़कों पर हर साल मानसून के दौरान सड़क की हालत खस्ता बनी रहती है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए सड़कों को सीमेंट कंक्रीट करने का निर्णय लिया।जिसके तहत मुख्यमंत्री




ने मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल को अधिक प्रमाण में सड़क को सीमेंट कंक्रीट करने का निर्देश दिया । मनपा आयुक्त ने 400 किमी सड़क को और सीमेंट कंक्रीट करने का निर्णय लिया । मनपा इसके पहले भी 297 किमी सड़क को सीमेंट कंक्रीट करने का ठेका दिया है। मनपा प्रशासन ने 400 किमी सड़क को सीमेंट कंक्रीट का निविदा प्रक्रिया कर वर्क ऑर्डर देने का काम किया। सड़क को सीमेंट कंक्रीट करने का लिए गए निर्णय पर मनपा में पिछले 25 साल से सत्ता में रही उद्धव सेना के नेता और कैबिनेट मंत्री आदित्य ठाकरे ने सीमेंट कंक्रीट का विरोध किया और आरोप लगाया भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाया।पिछले तीन दिनों से आदित्य ठाकरे लगातार सड़क के सीमेंट कांक्रीट करने का विरोध कर रहे थे।इसके बावजूद मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने सड़क के कामों का वर्क ऑर्डर दे दिया। मनपा द्वारा 400 किमी सड़क का सीमेंट कंक्रीट करने का भूमिपूजन गुरुवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। ठेकेदारों द्वारा मनपा के निश्चित दर से अधिक दर पर भरे गए टेंडर पर बातचीत कर मनपा के निश्चित दर के बराबर लाकर ठेकेदार को ठेका दिया गया।

# किशोरी से बलात्कार के आरोप में पड़ोसी पर प्राथमिकी दर्ज...

## सुरक्षा के लिए घर में बंद करके जाती थी मां...

**महाराष्ट्र** के ठाणे शहर में पुलिस ने एक नाबालिग लड़की से एक महीने तक लगातार बलात्कार करने के आरोप में उसके पड़ोसी पर प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि ठाणे शहर में 17 वर्षीय एक लड़की से उसके पड़ोसी ने कथित तौर पर एक महीने तक बार-बार बलात्कार किया। आरोपी पड़ोसी को पीड़िता की मां ने उसे घर की चाबी दी थी, जो काम पर बाहर जाने से पहले सुरक्षा के लिए नाबालिग को घर में बंद कर देती थी।

उन्होंने कहा कि पीड़िता की मां ने काम पर जाने से पहले उसे घर पर बंद करना शुरू कर दिया था क्योंकि नाबालिग के पिता ने तीन महीने पहले उसका यौन उत्पीड़न किया था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि पीड़िता और आरोपी शहर के डायघर इलाके में रहते हैं और अपराध दिसंबर के मध्य में



किया गया था। लड़की ने गुरुवार रात शिकायत दर्ज कराई थी। उसके आधार पर पुलिस ने शुक्रवार तड़के आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। शिल-डायघर थाना के अधिकारी ने कहा कि शिकायत के अनुसार, पीड़िता की मां एक स्थानीय मदरसे में रसोइए के रूप में काम करती है। वह शाम को भी कहीं और काम करती है। पीड़िता के पिता ने तीन महीने पहले उसके साथ बलात्कार किया था। इस मामले में शिकायत भी दर्ज की गई थी। हालांकि, घटना के बाद, लड़की की मां शाम को काम के लिए निकलने से पहले उसे घर में बंद कर देती थी। वह अपने घर के सामने रहने वाले दर्जी को चाबी सौंप देती थी।

पुलिस ने कहा कि पिछले महीने जब पीड़िता अपने कपड़े बदलने के लिए उसके पास गई तो आरोपी ने पहली बार उसका यौन उत्पीड़न किया। उसने किसी को बताने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी। उसके बाद जब भी पीड़िता की मां दर्जी को चाबी सौंपकर काम के लिए बाहर जाती तो वह बच्ची को जबरन अपने घर ले जाता और उसका बलात्कार करता। चूंकि लड़की डरी हुई थी, इसलिए उसने किसी के सामने अपनी आपबीती नहीं बताई। शिकायत में कहा गया है कि 14 जनवरी को, पीड़िता आरोपी की जानकारी के बिना अपने मोबाइल फोन पर अपराध की वीडियो रिकॉर्ड करने में कामयाब रही। पुलिस ने बताया कि 19 जनवरी को जब दर्जी पीड़िता को घसीट कर अपने घर ले जा रहा था तो लड़की की एक परिचित महिला वहां आ गई और उसकी हरकत पर कड़ी आपत्ति जताई। नाबालिग ने हिम्मत जुटाकर महिला को आपबीती सुनाई और वीडियो भी दिखाया। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 (2) (एन) (एक ही महिला से बार-बार बलात्कार), 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 506 (आपराधिक धमकी) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

# महाराष्ट्र के पूर्व हेल्थ मिनिस्टर दीपक सावंत का एक्सीडेंट

## गंभीर रूप से जख्मी, अस्पताल में इलाज शुरू

**मुंबईः** महाराष्ट्र के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री दीपक सावंत आज सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना में बुरी तरह से जख्मी हुए हैं। उनके उनकी कार को एक डंपर ने जोरदार टक्कर मारी है। फिलहाल सावंत को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां उनका इलाज शुरू है। डॉ. दीपक सावंत आज सुबह पालघर जाने के लिए निकले थे। उसी समय काशीमीरा इलाके में उनकी गाड़ी को एक डंपर ने जोरदार टक्कर मारी। इस टक्कर की वजह से उनकी गाड़ी का पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। गंभीर रूप से जख्मी सावंत के पीठ और सर में काफी चोट आई है। वहीं सावंत को एंबुलेंस के जरिए अंधेरी के अस्पताल में ले जाया गया। जहां उनका इलाज शुरू है। दीपक सावंत की गाड़ी का जब एक्सीडेंट हुआ तब वहां से गुजर रहे राहगीरों ने उनकी मदद की। एंबुलेंस को बुलाया



और उन्हें इलाज के लिए अंधेरी की तरफ रवाना किया। फिलहाल गाड़ी का एक्सीडेंट असल में कैसे हुआ? इस पर आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आ पाई है। हालांकि, पीछे से डंपर द्वारा टक्कर मारे जाने का संशय जताया जा रहा है। महाराष्ट्र में बीते कुछ दिनों से जनप्रतिनिधियों की गाड़ियों के एक्सीडेंट की खबरें सामने आ रही है। कुछ दिन पहले पूर्व मंत्री धनंजय मुंडे, विधायक जयकुमार गोरे, योगेश कदम, बालासाहेब थोरात की गाड़ी का एक्सीडेंट भी हुआ था। ऐसी ही एक सड़क दुर्घटना में मराठा नेता विनायक मेटे की भी मौत हो गई थी।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com